प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक: 17 अक्टूबर, 2024 :

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज फेडरेशन ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की और विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञापन समर्पित किया। राज्यपाल महोदय को शिष्टमंडल ने राज्य में नए उद्योगों की स्थापना हेतु भूमि की सहज उपलब्धता व रुग्ण उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए पहल करने, औद्योगीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए मजबूत कानून-व्यवस्था हेतु कार्रवाई हेतु पहल करने, एचईसी के पुनरुद्धार के लिए व्यापक प्रयास करने, ड्रग्स तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने, मतगणना कार्यों के लिए बाजार समिति की दुकानों/गोदामों के अधिग्रहण से हो रही परेशानी का समाधान हेतु पहल करने का आग्रह किया। साथ ही, शिष्टमंडल द्वारा राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों की और स्थापना और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता हेतु पहल करने का आग्रह किया गया।

(2) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज बी.आई.टी. मेसरा के कुलपति डॉ० इंद्रनील मन्ना ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को बी.आई.टी. मेसरा द्वारा आयोजित आगामी दीक्षांत सामारोह में आमंत्रित किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज बिनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो० पवन कुमार पोद्दार ने राज भवन में भेंट की तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

---

(4) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज सामाजिक कार्यकर्ता 'ऊर्जा मैन' श्री रंजीत साहू ने ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

---

(5) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज पलामू के प्रगतिशील कृषक उद्यमी श्री प्रिय रंजन सिंह, निदेशक, वीकेएस एग्रीफार्म प्रोड्यूसर कंपनी ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।